<u>**MEANING :**</u>

1. I am neither within the holy persons nor unholy persons
2. My stage is neither of happiness nor of sadness.
3. I am neither water nor clay. 4. Neither I am fire nor wind.

1. Na main bhet mazhab da paaya. **2. Na main Aadam Hua jaaya.**
3. Na kuchh apna naam dharaaya.

<u>**MEANING**</u> **:**

1. I could not get the secrets of religion. 2. I am not even son of Aadam and Hva.
3. I have not kept any name for myself.

(This fact is also mentioned in Vedas that there is no father and mother of soul because soul is away from cycle of birth and death.)

1. Awal akhir apnu janaa.(I have known myself)
2. Na koi dooja hor pehchchana.
3. Main thon vad na koi siyaana. 4. Bulleya auho khadaa hai kaun.

MEANING :

1. In the end, I know myself that WHO AM I that I am eternal, immortal, alive, everlasting soul who is away from cycle of death and birth.
2. I have come to know that all are alive souls and not body therefore there is no one who is separate from me.
3. No one is wiser than me, everybody is soul and has equal divine qualities of being immortal etc.
4. Idea of Bulley Shah is that the person standing before me is body but within the body there exists soul and without alive soul non-alive body cannot do anything and can't even stand independently being non-alive matter. So, Bulley Shah clarifies that person standing before me is idol which will be destroyed one day. So, after realizing knowledge, meaning of Bulley Shah is this that the idol (shape) of the person is body, made of five elements. So, I am not a body and the person standing before me is also not a body. So, we all human beings and other beings are soul having equal divine qualities and we are not destructible bodies.

Rigved Mantra 6/47/18 explains that when alive soul resides in human body or as in other living beings' bodies then the soul is deemed to be seen according to those different bodies. For example --- in a body of man, he is like man, in body of woman he is like woman, in bird, soul is like bird, in that of elephant's body, soul is like elephant.



Here we must remember that a person who is indulged in illusion would consider himself as a body and seeing the bodies of other beings he would also consider them as bodies and not souls. So, to know the eternal truth that we are souls we will have to listen to Vedas under guidance of learned Acharya who knows Vedas and Ashtang Yog philosophy. So, bodies are different but soul residing in the bodies, would always remain unchangeable. So, time and again we must know the truth that we are soul not destructible bodies.

Therefore, the answer to question that WHO AM I? is

that I am ALIVE and IMMORTAL SOUL who resides in human body to worship God according to Vedas, to realize God. Because soul himself can't do any deed etc., that is why, Almighty, immortal God provides soul with a wonderful body of human beings which contains five senses, five perceptions, mind and intellect which should be under the control of alive soul but chitta vritti (faculty which receives knowledge from five senses and passes the same to intellect is called Chitta and Chitta stores the effect of various karmas to be faced by soul in future at a proper time), of the soul through above quoted senses, perceptions goes out of body and gets entangled into Prakriti made matters like gold, silver, bodies of opposite sex, illusion etc., and duly indulged in illusion, soul forgets Vedic path of spiritualism and even soul thinks himself that he is a body and hence problem. A fraction of God's power targets the non-alive matter, Prakriti and creation begins.

This eternal fact has also been preached by Almighty God in ***Rigved mantra 1/22/15*** stating that the earth is created by God, with the help of non-alive Prakriti, for the human beings to spend their long lives' happily and comfortably to the extent that no one suffers pain even from a small thorn. The earth provides us with several types of matters like food grains, fruits, medicinal herbs, trees, ponds, rivers, seas, precious gems, iron, gold, silver etc., which are pleasure giving to all human beings. So, the innumerable matters are provided to us by God to survive while discharging our duties faithfully according to Vedas and by following the Vedic path, to know the answer to question--- **WHO AM I ?** But to our bad luck, since the time human beings have oversighted the Vedic knowledge which emanates directly from God and is meant for the welfare of mankind, mostly humans are experiencing difficulties, tensions, diseases, grief, sorrows i.e., innumerable problems, due to following their own path and not Vedic path.

My dear daughter, Anu has also beautifully said in the article that ***"what happens to me once this body becomes lifeless."*** See, here the meaning of lifeless is that at the time of death, alive, everlasting soul leaves the destructible body which is a mere house to live in temporarily and has to enter another living being's body,

based on his good and bad deeds, under God's administration.

The conclusion of four Vedas, six shastras, Upnishads and other ancient granths, written in Sanskrit by Rishis-Munis [not by any man or woman, who lack Vedas' knowledge] is this that if any aspirant follows Vedic path and does hard practice of Ashtang yog for long period of time, continuously, he only becomes able to first know about alive and non-alive matters and to realize that WHO AM I. And anyone else who thus knows himself, then he also realizes Almighty God, who creates and nurses the universe, because Almighty, Omnipresent, formless God also resides within the soul, in the body (Rigved mantra 1/164/20 refers).

For example--- if some persons are residing in a room naturally, they know each other. So, is in the matter of God and souls. God, in ***Rigved mantra 1/164/20,*** clarifies that soul resides in the human body and God also resides within the human body. Naturally, both soul and God would know each other.

So, only rishis, Munis, yogi who have done hard tapsya for long-long time, had/have realized....

1. **Body of human beings is made of five elements as stated above and being non-alive matter it would be destroyed one day.**
2. **Body of human being is like a house for God and soul to live therein.**
3. **God, soul and body are separate from each other.**
4. **The tapsvi Rishi Munis also knew/know that they are immortal souls and not body and thus they realize the answer to question WHO AM I.** VIV



विद्वानों के संग से जाना-सत्य ज्ञान का दाता कौन है

अंजना दिवान (इंडोनेशिया)

ओ३म् अग्न आ याहि वीतये गृणानो हव्यदातये।
नि होता सत्सि बर्हिषि ॥

(सामवेद मंत्र *1*)

सामवेद के पहले ही मंत्र में ईश्वर कह रहा है, अग्न आ याहि– हे ईश्वर आप आ जाओ। वीतये गृणानो– वेद का ज्ञान देने के लिए आप आ जाओ। हव्यदातये– हे ईश्वर आप दाता हो। द्युलोक, अन्तरिक्ष लोक, पृथ्वी लोक, इन तीनों लोकों को रचकर आप ने हमें दान में दिए हैं। नि होता सत्सि बर्हिषि– हे दाता! आप संसार के कण–कण में व्यापक हैं। इस मंत्र का गहन विचार करें तो यही समझ में आता है कि तीनों लोकों का दाता– परमेश्वर सर्वव्यापक है और उसी परमेश्वर से हम प्रार्थना कर रहे हैं कि आप हमें वेद का ज्ञान देने के लिए आ जाओ। सामवेद के नीचे दिए गए दूसरे मंत्र में परमेश्वर स्वयं यह रहस्य खोल रहा है।

ओ३म् त्वमग्ने यज्ञानां होता विश्वेषां हितः।
देवेभिर्मानुषे जने ॥

(सामवेद मंत्र *2*)

त्वमग्ने यज्ञानां होता– हे ईश्वर आप यज्ञ के दाता हो।
विश्वेषां हित: – यह यज्ञ सारे संसार का कल्याण करने वाला है।
देवेभिर्मानुषे जने– और यह विद्वान् जन ही यज्ञ द्वारा मनुष्यों का कल्याण करने वाले हैं अर्थात् यही विद्वान् मनुष्यों को सत्य विद्या–वेद का ज्ञान देने वाले हैं और हमें उन की शरण में जाकर उनकी सेवा करके उनसे वेदों का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। अब प्रश्न यह उठता है कि परमेश्वर मनुष्यों को क्यों विद्वानों की शरण में जाकर सत्य ज्ञान लेने के लिए कह रहा है?

संपादक के विचार

सामवेद उपासना काण्ड है। अंजना बेटी ने मंत्रों का अध्ययन, श्रवण और मनन करके अपने बहुत सुन्दर विचार कहे हैं। मन्त्र एक कहता है कि हे मनुष्यों! परमात्मा से इस प्रकार प्रार्थना करो कि (अग्ने) प्रत्येक कर्म से पहले आप स्मरणीय हैं– पूजा के योग्य हैं, आप सर्वव्यापक आदि अनन्त गुणों से भरपूर हैं अतः हे परमेश्वर! आप (गृणानः) स्तुति किए हुए और वेदों का उपदेश करते हुए (वीतये) हमारे हृदय में ज्ञान उत्पन्न करने के लिए तथा (हव्यदातये) देने योग्य सब पदार्थों को देने के लिए, श्रेष्ठ बुद्धि, बल आदि सद्‌गुणों का उपदेश करने के लिए (आ याहि) मेरे हृदय में आओ अर्थात् मैं वेदानुसार योगाभ्यास, विद्वानों से वेद सुनना, नाम स्मरण आदि द्वारा आपकी उपासना करता हूँ अतः आप मेरे हृदय में प्रकट हो जाओ और वेद का ज्ञान मेरे हृदय में प्रकट करो (होता) आप सब पदार्थों के देने वाले हो (बर्हिषि) यज्ञ में (नि सत्सि) विराजिये।

भाव यह है कि जिज्ञासु जब वेद–मार्ग पर चलने लगता है और वेदानुसार ईश्वर की पूजा, उपासना, वेद सुनने, योगाभ्यास करने, विद्वानों का संग करने एवं ईश्वर का नाम जपने आदि द्वारा नित्य साधना करता है तो परमेश्वर उसके हृदय में प्रकट होता है। वेदों का निष्कर्ष है कि ऐसी साधना करने से ईश्वर की सच्ची पूजा होती है जैसे श्री कृष्ण महाराज ने ***भगवद् गीता श्लोक 3/15*** में स्पष्ट उपदेश दिया है कि हे अर्जुन! तू कर्मों को वेदों से उत्पन्न हुआ जान, वेद अविनाशी परमेश्वर से उत्पन्न हुए हैं अतः सर्वव्यापी परमेश्वर सदा से ही यज्ञ में प्रतिष्ठित है। अतः जीवन में यदि किसी ने यज्ञ द्वारा परमेश्वर की पूजा नहीं की, परमेश्वर का मान–सम्मान नहीं किया तो समझो ना तो कोई ईश्वर को जानता है और ना ही उसकी सच्ची भक्ति करता है। अतः वेद ज्ञाता, विद्वानों का संग करके हम वेदों द्वारा ईश्वर की पूजा और ईश्वर के स्वरूप को जानें। फलस्वरूप ही हम सुखी रह सकते हैं। यही कुछ भाव अंजना बेटी ने अपने सुन्दर और सच्चे लेख में व्यक्त किए हैं। ***सामवेद*** के दूसरे मन्त्र का भाव है कि स्वयं प्रकाशक परमेश्वर, सब यज्ञों को ग्रहण करने वाला, यज्ञ का स्वामी है। आप वेद के ज्ञाता, विद्वानों द्वारा मनुष्यों का कल्याण कराते हो और मनुष्यों को ईश्वर प्राप्ति कराते हो।

भाव यह है कि ईश्वर वेदों में बार–बार उपदेश करता है कि साधारण मनुष्य अर्थात् नर–नारी, विद्वानों का संग करके, वेद विद्या को प्राप्त करें और वेद में वर्णित ज्ञान प्राप्त करके तथा ***यजुर्वेद मन्त्र 40/2*** के अनुसार गृहस्थाश्रम के, वेदों के द्वारा कहे, शुभ कर्मों को भी करते–करते, बुरे कर्मों में लिप्त न हों। इस प्रकार सुखी जीवन व्यतीत करने–करते ईश्वर को प्राप्त करें। अंजना बेटी वर्षों से, अपने पति राकेश बेटे के साथ, अपने आचार्य से वेदों का ज्ञान सुन–सुनकर और आचरण में लाकर भी, विदुषी बनने योग्य होती जा रही है और वेदों का प्रचार भी बहुत करती है। इसकी हमें बहुत प्रसन्नता हो रही है। (क्रमशः)

Correspondence between Swami Ram Swarup 'Yogacharya' & Late S. Khushwant Singh Ji

(Continued)

(on the subject of Atheism & Casteism etc.)

Original Letter





Khushwant Singh
49-E, Sujan Singh Park
New Delhi-110003 8th Jan 2006.

Dear Swamiji,

Thanks for clearing my misconceptions about the importance of Puranns. Our History is …….. with examples of make believe forecasts. There are several versions of seva-sakhi- some predicting………. Reborn as Maharajah of Punjab, some about a ….. and end of British rule, German victories is the …… world wars. Foolish people believed them then, foolish people believe them now. Neither Swami Dayanand nor Bapu Gandhi took any notice of them. In a week's time my attempt at translating the gayatri mantra will be published in Hindustan times. I will welcome your comments. I used to listen two sages as well as Kirpaluji, ma anandi and … I donot do…. Anymore. I am asked at …… The Ram Dev's pharmacy has …………….. to human bones in preparing ayurvedic medicines. Such practices deserve to be exposed.

I trust this finds you in the best of health.

Yours
Khushwant Singh

In the south, they donot say namaste, it is namaskar, namaskaram or vanakam.

Shri Khushwant Singhji
49-E, Sujan Singh Park
New Delhi-110003

Swami Ramswarup, Yogacharya,
Ved Mandir, Tikka lehsar,
Yol bazaar, Yol Camp,
District Kangra, H.P.
Dated- 22nd Jan 2006.

Most Respected Shri Khushwant Singhji,
Namaste,

I hope this letter finds you in the best of your health and spirit for which I always pray to God. Received your loving letter dated 8th Jan 2006. Sir, I thank you a lot for writing the said letter with your golden hand.

A forecast was also made in respect of honourable late P.M. Smt. Indira Gandhi, about her death which was found to be false. It was clarified by the scientist Professor Yashpalji on T.V. that this prophecy was printed in a magazine or newspaper backdated, i.e., after her death. So really, foolish people believe in prophecies and actually he is foolish who lacks knowledge and is not a hard-worker towards true path. Sir, I was pleased to receive your said views on Gayatri mantra published in Hindustan Times Dated 14th Jan 2006. So, as per your desire, I am sending herewith the views based on Vedas, Shastras and ancient knowledge of Rishis.

Om- Om in Islam has become Ameen and in Christianity it is Amen. Ameen means peace. We say Om Shanti. In Sanskrit to take breath is called An. So, Om+An= Omen which means peace.

Further,

Vi+ Omen= Vyomen i.e. This is second shanti. Third Is Param Vyomen. The prayer is always chanted three times, i.e., Om Shanti, Shanti, Shanti.

So, Om exists in above all. In English, Omen is used to signify good or bad effect, i.e. good or bad omen. But in Ved, it is used for good only. So, the best name of God is Om which directly emanates from formless God at the beginning of creation of universe whereas word “God” is man-made please. Hence, Dear Sir, Yes, it is legitimate to use the word “OM” for God. To concentrate the mind from wandering, the meaning of Om is required to be repeated within mind, being conscious of the fact that the mind does not deviate to other subjects while concentrating on the meaning of Om. Chanting of Om will be helpful to attain concentration of mind but not completely. However, I would also like to mention here that the chanting or repeating the holy word Om would give the said result only if Yama and Niyam i.e. the first two parts of Ashtang Yoga Philosophy are fully practised. These two parts are-

Yama including Satya (truth), Ahimsa (non-violence), Brahmacharya (control over senses), Asteya (abstention from theft), Aparigreha (not to assemble any article or money more than the requirement).

Niyam including Shaoch (cleaniless), Santosh (contentment), Tap (Tapasya i.i.e. listening of truth, speaking truth, doing yagya etc.), Swadhyaye (listening of Vedas, reading true religious texts etc.), Ishwar Pranidhanani (complete faith on God and to attribute all actions in God).

I may also add that the best way is to repeat the holy name “Om” without chanting by mouth.

God has unlimited qualities and unlimited names. Gayatri mantra itself enlists the name of God as follows- Om, Bhuhu, Bhuwaha, Swah, Savituhu, Bhargaha, Dev. Out of the unlimited names of God, may I have the privilege to explain a few-

1.) “Bhaj Sevayaam” from this dhatu the word “Bhag” is made and on adding “Matup” to it, word “Bhagwan” is made. Its meaning is He Who has unlimited glory, merriment and Who is adorable. Therefore, the name of God is Bhagwan.

2.) “Pre Palan pooranayoho” from this dhatu, the word “purush” is made. Its meaning is He Who is complete in all respects in the universe. So, the name of God is Purush.

3.) "Pa Rakshanne" from this dhatu "Pita" word is made. He Who is saviour of public and wishes progress of all. So, the name of God is "Pita".

4.) "Raha Tyage" from this word "Rahu" word is made. Its meaning is one Who is unparalled/inequivalent by qualities and with whom other matters cannot be connected, who is empowered to destroy the sinners, wrongful persons and can also separate the sinners from other gentle persons. So, the name of God is "Rahu".

5.) Vishlari Vyaptau Vishnu" from this dhatu "Vishnu" word is made. Its meaning is omnipresent, so the name of God is Vishnu.

6.) "Kit Nivase Rogapanayane Cha" from this dhatu "ketu" word is made, meaning He Who is omnipresent, away from all diseases, sorrows etc. and keeps away the aspirants from diseases and sorrows at the time of salvation. So, the name of God is "Ketu".

Hence, based on these eternal fundamentals, the names of God according to His qualities are Brahm, Brahma, Rudra, Shiv, Agni, Bhumi, Akshar, Brihaspati, Prann, Parmatma, Dev, Kuber, Prithvi, Akash, Vasu, Rudra etc.etc.

SWAHA-

The meaning of "Swaha" may also be discussed as follows"-

Swaha= (Su+ aha) (Su+Hve)

"Su" is a "Nipat" which is added before noun to make the noun a "Samas". Meaning of "Su" is good, sweet, the best, beautiful/pure, true speech. Now, the meaning of Swaha is that all human beings must utter true, beautiful, sweet, pure words (vaani) and must do deeds based on truth only and therefore the word Swaha is used in the end of every ved mantra while performing holy Yagya/hawan. Several ved mantras contain the word "Swaha" within them but keeping in mind its main meaning i.e. true voice and hard deeds that it is used at the end of each mantra while performing holy yagya.

An ancient Rishi Yask wrote a pious book "Nighantu" in Sanskrit wherein vedic mantras with meaning have been briefed. At one place, he has stated that moon receives sun rays and gets Enlighted i.e. moon is brightened by absorption of sun rays should be known by the aspirants who are desirous of knowing the concerned meaning of vedic mantras.

In this connection, Yask Muni states the proof of Yajurved mantra 18/40 as under-

Here Devta i.e. subject matter of the mantra is moon (chandrama). Yask further states about the said mantra that – showering the best pleasure to the human-beings, there is sun ray (Rashmi) named "Sushumaan". The moon is called Gandharva to attain the said sun ray. In the space, the planets connected with the moon move in the space, that is why they are called "Apsaram". As the planets emit light, so they are called Bhekuri.

Mantra further states that Kshatriya (soldier) must wield power and glory (glamour) like the sun and this power should increase manifolds to protect all from enemies and sinners. The power of Brahmin (learned) should be like the moon to guide the society and educate the nation to preserve their glamour (Tej) and strength of character (Oj).

Mantra further says that therefore (vaat) i.e. to attain pleasure, (Tasmai) that moon, (Swaha) i.e. true knowledge, i.e. to attain pleasure we must know the true knowledge of moon by true voice of Vedas and hard-working. The underlying meaning is that we must have knowledge of science by hard-working. So, here the meaning of Swaha is true knowledge by true voice (preach) and true hard-working.

Your excellency may kindly reckon the fact that Vedas contain divine Sanskrit language which was spoken by the people right from the beginning of the creation of Earth and thereafter so many languages have taken birth and every language is respectable. Hence, "Swaha" word is used with every ved mantra while performing holy yagya. Yajurved mantra 38/6, 7,8,9,10,11 contain "Swaha" within them, meaning true action, true deed, true speech.

(To be continued...)

विद्या तप और दान

ऋचा कौशिक मित्तल
इंजीनियर (बी.टैक.)

युधिष्ठिर ने भीष्म से पूछा–

''विद्या, तप और दान में कौन श्रेष्ठ है?''

भीष्म ने कहा– ''इस सम्बन्ध में व्यास ने मैत्रेय को निम्न उपदेश दिया था–

''वेद में जिन कर्मों की प्रशंसा की गई है, उन सब में दान श्रेष्ठ है। दाता वास्तव में प्राण दाता है। विद्वान् मनुष्य ही दान, यज्ञ, सम्पत्ति और सुख का अधिकारी है। जो मनुष्य विषय–सुख में आसक्त रहता है, वह अन्त में दुःखी होता है; जो तप आदि कर्मों में प्रवृत्त होता है, वह अंत में सुख पाता है।

मनुष्यों में कुछ पुण्यात्मा होते हैं, कुछ पापी होते हैं और कुछ पुण्य–पाप, दोनों से हीन होते हैं। यज्ञ, दान, तप आदि कर्म करने वाले मनुष्य पुण्यात्मा हैं, द्वेष के प्रभाव से बुरे कर्म करने वाले पापी हैं। जो लोग इन दोनों प्रकार के कर्मों को त्याग कर केवल ब्रह्म–ज्ञान प्राप्त करने का यत्न करते हैं, उन्हें पुण्य–पाप से हीन समझना चाहिए। जो मनुष्य धर्म–अधर्म का विचार किए बिना कर्म करते हैं, उनके कर्मों का फल हानिकारक होता है; वे पापी हैं।

गृहस्थ का अन्न खाने से ब्रह्मचारी और सन्यासी का तेज बढ़ता है; गृहस्थों से दान लेने में यही उनका हेतु है। परंतु गृहस्थ को किसी दूसरे का दान न खाना चाहिए। ***तप और शास्त्र–ज्ञान दान से कम नहीं हैं;*** तप और विद्या से ही मनुष्य की बड़ाई होती है। संसार में जो कुछ भी दुष्प्राप्य है, वह सब तप और शास्त्र–ज्ञान से प्राप्त हो जाता है।

संपादक के विचार

ऋचा बेटी ने अति उत्तम ज्ञान युक्त कथा का वर्णन किया है। गृहस्थाश्रम में रहने वाले प्रत्येक नर–नारी को कथा में कहे ज्ञान को आचरण में लाकर अपने जीवन को सफल करना चाहिए। विद्या तो ईश्वर ने, मानव के कल्याण के लिए, चारों वेदों में दान की हुई है। अतः प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर द्वारा वेदों में दी हुई आज्ञा के अनुसार वेद एवं योग विद्या के ज्ञाता, आचार्य के पास जाकर विद्या

परंतु ईश्वर ने तो प्रत्येक वेद में यह ज्ञान दिया है कि जो जिज्ञासु वेद एवं योग विद्या के आचार्य से वेद वाणी सुनता है तो वह इस लिपि रूप वेदवाणी की तरफ जिज्ञासु होकर देखने लगता है और उसे इस लिपि का ज्ञान भी हो जाता है। दूसरा, यह है कि जो आचार्य से इस शब्द रूपी वेद वाणी को सुनता है, उसे वेद मन्त्रों के अर्थ का ज्ञान हो जाता है और वेदवाणी को नित्य सुनने लगता है। ऐसे जिज्ञासु/ज्ञानी के लिए वेद वाणी अपने आत्मा को प्रकट कर देती है। इसलिए केवल वेद एवं योग विद्या युक्त आचार्य से ही जिज्ञासु वेद वाणी

प्राप्त करनी चाहिए। इसी पुण्यवान् कर्म को करने के लिए हमें मानव शरीर मिला है।

<u>विद्या</u>– यह कहना पूर्णत: भ्रम युक्त झूठ है कि वेद कठिन हैं। क्योंकि जो वेद सुनता है उसे ही समझ आता है कि वेद तो ईश्वर से निकली सत्य वाणी है जिसमें झूठ का नामो–निशान नहीं है।

ईश्वर ने ***ऋग्वेद मन्त्र 10/71/4*** में उपदेश किया है कि साधारण मनुष्य जिसको लिपि/अक्षर ज्ञान नहीं है, वह लिपि रूप वाणी को आँख से देखता हुआ भी नहीं देखता, इसी कारण से वह वेद वाणी को कठिन कहकर दूर हट जाता है। कई ऐसे भी नर–नारी हैं कि उन्हें वेद मन्त्रों के अर्थ का ज्ञान नहीं होता, इस कारण से वह शब्द–रूप वेद वाणी को सुनता हुआ भी नहीं सुनता।

सुने। ऐसा इस मन्त्र में ईश्वर का उपदेश है। ध्यान रहे कि परमात्मा सृष्टि के आरम्भ में चार ऋषियों के हृदय से संसार का कल्याण करने वाली वेदवाणियों का प्रकाश करता है।

<u>दान</u>– प्रथम तो हमें ***ऋग्वेद मन्त्र 1/25/5*** का भाव समझकर ईश्वर की यह आज्ञा माननी चाहिए कि मनुष्य को वेद में कही आज्ञा का पालन करके ही सुख प्राप्त होता है, अन्य किसी और से नहीं। अत: हमें वेदों में कही ईश्वर की आज्ञा का पालन करना परमावश्यक है। अत: ***ऋग्वेद मण्डल 10, सूक्त 107, मंत्र 2, 3, 4*** में ईश्वर का उपदेश–आज्ञा है कि जो यज्ञ में दक्षिणा देते हैं, वे जिज्ञासु यज्ञ में वेद ज्ञान को प्राप्त करके, अपनी आत्मा को ऊँचा उठाते हैं और कहा कि यज्ञ में विद्वानों को दक्षिणा अवश्य देनी चाहिए। ऐसी दक्षिणा

परमेश्वर की प्राप्ति का साधन है, अलौकिक शक्ति है जो कामना को पूर्ण करती है। जो धन आदि का दान नहीं करते, वे पापी हैं। अत: विद्वानों से वेद विद्या सुनकर उनको भोजन से तृप्त करना एवं धन आदि देना चाहिए। अधिकारी पात्र दक्षिणा देने वाला मनुष्यों द्वारा सदा सम्मानित होता है। अत: सुपात्र को ही दक्षिणा देनी चाहिए। जो यजमान यज्ञ में दक्षिणा देकर विद्वान् को प्रसन्न करता है, मानो वह यज्ञ का ब्रह्मा है। ऐसा दानी ईश्वर के नाम को जानकर, ईश्वर को जानने में समर्थ होता है। वेद मन्त्र कहता है कि दक्षिणा में घोड़ा (वर्तमान में वाहन आदि), गौ, चाँदी, सोना और अन्न आदि देना श्रेयस्कर है। वह दानी हमारा आत्मा है—अपना है। उसके लिए दान, पाप को नष्ट करने वाला हो जाता है।

ऋग्वेद मन्त्र 1/149/1 में उपदेश है कि जिस प्रकार सुपात्र को दान देने से यश—कीर्ति बढ़ती है वैसे और उपाय से नहीं बढ़ती। अत: सामर्थ्य अनुसार प्रत्येक मनुष्य—नर—नारी को विद्वानों को दान देना चाहिए। कहा भी है— ''जयेत् कर्दयं दानेन'' अर्थात् मनुष्य को दान द्वारा कंजूसी रूपी पाप समाप्त करना चाहिए।

ऋग्वेद मन्त्र 10/57/1 में प्रभु से प्रार्थना की गई है कि हे प्रभु! हमारे अन्दर दान ना देने की प्रवृत्ति न बढ़ जाए। यजुर्वेद मन्त्र 7/46 में ईश्वर का उपदेश है कि

1. वेद और ईश्वर को जानने वाले ब्राह्मण, आचार्य, विद्वान् एवं योगीजन को दान देना चाहिए।
2. सत्य और असत्य का ज्ञान देने वाले ज्ञानी को दान दें।
3. मन्त्रद्रष्टा एवं वेदों के अर्थ बताने वाले ऋषि को दान देना चाहिए।
4. ऋषियों के योगज विज्ञान को प्राप्त हुए पुरुष को, योगी को स्वर्णादि, भूमि, गौ, धन आदि दान करें।

महाभारत ग्रन्थ में कहा—
''हुतम् च दत्तं तथैव तिष्ठति''

अर्थात् हाथ से अग्निहोत्र में डाली गई आहुति का पुण्य और दिया हुआ दान; यह पुण्य हमारे साथ जाता है। दान की अत्यंत महिमा है और वैसा ही उसका महान् पुण्य भी जो इस लोक एवं परलोक में हमारी रक्षा करता है।

तप— पताञ्जलि ऋषि द्वारा लिखित ***योग शास्त्र सूत्र 2/1*** में इस प्रकार कहा है—

''तपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रिया योगः''

अर्थात् तप, स्वाध्याय और ईश्वर भक्ति को, ईश्वर पर पूर्ण विश्वास करने को ब्रह्म प्राप्ति का आधार कहा है।

अन्त:करण की शुद्धि के लिए तप और वेदों का अध्ययन करना अति आवश्यक है। ***महाभारत में आश्वः पर्व 1/20*** में कहा

"यज्ञेन तपसा चैव दानेन च नराधिपः।
पूयन्ते नरशार्दूल नरा दुष्कृतकारिणः।।"

अर्थात् पापाचारी मनुष्य तपस्या, यज्ञ और दान से ही पवित्र होते हैं।

व्यास मुनि कहते हैं कि जो मनुष्य तप से रहित हैं उनको योग विद्या की सिद्धि प्राप्त नहीं होती। अनादिकाल से कर्म, क्लेश और वासनाएँ बिना तप के, नष्ट नहीं होतीं। साधना, आसन, प्राणायाम इत्यादि में सर्दी–गर्मी, शारीरिक एवं मानसिक कष्टों को सहना भी तप है। अतः प्रत्येक स्थिति में तप में विघ्न नहीं आना चाहिए। तप में निरन्तर रत रहना चाहिए। ***यजुर्वेद मन्त्र 1/18*** में कहा– "तपसा तप्यध्वम्" अर्थात् धर्म एवं विद्या अनुष्ठान तप कहलाता है। अतः तप से, जैसा हो सके वैसे तप करो।

सामवेद मन्त्र 50 में वेदों को सुनना तप कहा है। अतः किसी भी मनुष्य के मना करने पर भी, ईश्वर की आज्ञा मानकर सब नर–नारियों को वेद सुनने चाहिए। महाभारत में कहा है कि तपस्या से चित्त एकाग्र करके–शुद्ध करके मुनिगण तीनों लोकों का दर्शन करते हैं। ***केनोपनिषद् 4/8में कहा–***

"तस्यै तपो दमः प्रतिष्ठा"

अर्थात् तप (जो ऊपर कहा है) और इन्द्रियों को योग–साधना रूपी तप से वश में करना ब्रह्म प्राप्ति का आधार है।

अथर्ववेद मन्त्र 12/5/1,2 में कहा–

"श्रमेण तपसा सृष्टा ब्रह्मणा वित्तऋते"

अर्थात् श्रम का अर्थ है परिश्रम, प्रयत्न और पुरुषार्थ इत्यादि करना तथा तप का अर्थ है धर्म (वैदिक कर्तव्य–कर्म) का अनुष्ठान करना एवं धर्माचरण करना। तैत्तिरीय आरण्यक ब्राह्मण ग्रन्थ में तप का बहुत सुन्दर रूप ऋषि ने दिया है–

"ऋतं तपः सत्यं तपः श्रुतम् तपः शान्तं तपः तपो दमस्तपः शमस्तपो दानं तपो यज्ञस्तपो भूर्भुवः सुवर्ब्रह्मो तदुपास्वैतत्तपः"

अर्थात् जिसका जो और जैसा स्वरूप है, उसको वैसा ही मानना तथा सत्य बोलना, यह तप है। (अतः परमेश्वर का स्वरूप, कर्म, ज्ञान आदि जैसे हैं, वैसे ही बोलने चाहिए)। ईश्वर ने ***यजुर्वेद मन्त्र 40/8*** में कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान् है, उसका शरीर नहीं होता क्योंकि वह निराकार है और अनादिकाल से मनुष्यों के कल्याण के लिए परमेश्वर वेदों का ज्ञान देता आ रहा है, इसलिए हम परेश्वर को ऐसा ही जानें और बोलें जैसा परमेश्वर ने वेदों में उपदेश किया है।

इसी प्रकार सत्य सुनना, शान्त स्वभाव धारण करना, पाँचों ज्ञानेन्द्रियों को अधर्म, आलस्य आदि बुराइयों से हटाकर सत्य एवं धर्म (वेदों में निर्देशित कर्म करना) में लगाना तप कहलाता है। अधिकारी को दान करना, मन को सदा धर्म में स्थित करना तप है। यज्ञ द्वारा परमेश्वर की उपासना करना, अग्नि में घृत् आदि की आहुतियाँ डालना यज्ञ रूपी तप है। अतः प्रत्येक नर–नारी का धर्म (वैदिक कर्तव्य) है कि वह तप द्वारा ईश्वर प्राप्ति करे।

VIV

टी.बी. हारेगा देश जीतेगा



डॉ प्रवीण कुमार शर्मा
प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष, औषधिगुण शास्त्र विभाग,
श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं
परीक्षा नियंत्रक अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय
मण्डी स्थित नेर चौक (हि.प्र.)

डा. रक्षा सुबह अपने विभाग के कक्ष में पहुँची ही थी कि उनके फोन की घंटी बजी, उन्होंने पर्स से मोबाइल निकाला और फोन करने वाले का नाम पढ़ते ही उनके चेहरे पर एक मुस्कान सी बिखर गयी। उन्होंने फोन उठाया, उधर से आवाज आयी कि मैडम मैं आपको अपने पति से मिलवाना चाहती हूँ, हम हास्पिटल के बाहर ही खड़े हैं। डा. रक्षा ने प्रसन्न हो कर कहा कि तुरन्त अन्दर आओ मैं तो कब से सुधीर से मिलना चाह रही थी। कक्ष में डा. रक्षा ने सुधीर और सुधा को चाय पिलायी और उन्हें उनके सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। जब वे जाने लगे तो डा. रक्षा ने उनको फूलों का एक गुलदस्ता दे कर कहा कि मैं चाहती हूँ कि तुम दोनों सदैव इन फूलों की भाँति सुगन्ध फैलाते रहो। जब वे चले गये तो डा. रक्षा कुछ समय के लिये अपने कक्ष में अकेली रह गयीं, उनके मस्तिष्क में पिछले कुछ समय की बातें घूमने लगीं। ऐसा लग रहा था जैसे कल ही की बात हो जब सुधा सबसे पहले उनके पास इलाज करवाने आयी थी। उसके बाद तो जैसे सुधा उनकी अपनी सी हो गयी, जो अपनी सारी बातें उनसे सांझा कर लेती थी।

सुधा स्नातक की छात्रा थी जब वह सुधीर से पहली बार मिली। वह उसका सहपाठी था और अत्यंत मृदुभाषी था। सुधा भी बहुत सुन्दर थी और विद्यालय में हर एक लड़का उससे बात करने के बहाने ढूंढता था। परन्तु वह अपने अध्ययन और भविष्य के बारे में बहुत गंभीर थी। पर पता नहीं क्यों, सुधीर उसे अच्छा लगता था और वह उससे मित्रता करने को विवश हो गयी। सुधीर भी सुधा की ही भाँति एक मध्यम वर्ग का, अपने भविष्य के बारे में चिंतित युवा था। दोनों को एक दूसरे का साथ अच्छा लगता था और इसी युवावस्था के प्रथम प्रेम में स्नातक के तीन वर्ष कब व्यतीत हो गये पता ही नहीं चला। स्नातक कोर्स पूरा होने पर दोनों ने निर्णय किया कि वे अपने परिवारों की सहमति के साथ परिणय बंधन में बँधेंगे। सुधीर ने ऐसा नहीं सोचा था, पर उसके माता पिता ने इसकी



अनुमति नहीं दी। उनका मानना था कि सुधा का घराना छोटा है और यह रिश्ता उनकी कुल मर्यादा के विपरीत है। सुधा और सुधीर दोनों का हृदय बहुत दुखी हुआ पर वे ऐसी परिस्थिति में नही थे कि परिवार के साथ विद्रोह कर विवाह करते। सुधा ने बी.एड. में प्रवेश ले लिया और सुधीर से उसका सम्बन्ध समाप्त हो गया। बी.एड. के बाद वह अपने पास ही के एक स्कूल में अध्यापिका के पद पर नियुक्त हो गयी। उसके माँ और पिताजी ने बहुत प्रयास किया कि वह विवाह के लिये अपनी सहमति दे दे पर वह नहीं मानी। अब उसके भीतर किसी और से प्यार करने की न तो हिम्मत थी और न ही वह इसको उचित मानती थी। अनेकों अच्छे रिश्ते आये पर वह सबको ठुकराती चली गयी। उसके अन्दर जैसे प्रेम का अंकुर सड़ गया था अब उसमें कोंपलें फूटने की कल्पना भी व्यर्थ सी थी।

अपने जीवन के इन घुमावदार रास्तों पर चलते—चलते सुधा बहुत थक चुकी थी वह इसी उधेड़बुन में रहती थी कि जो वह कर रही है क्या वो सही है? उसकी भूख, उसका खाना—पीना, सब बहुत कम हो गया था। उसका सुन्दर मुख पीला पड़ना आरम्भ हो गया था और उसका वज़न भी कम होने लगा था। पच्चीस की आयु में ही वह चालीस की दिखने लगी थी। पिछले तीन—चार दिन से उसे

लग रहा था जैसे उसका शरीर शाम को बहुत अधिक कमज़ोर हो जाता है, जैसे ज्वर मे होता है। आज उसने थर्मामीटर मे तापमान देखा तो 101 डिग्री था। उसने एक पैरासिटामोल की गोली खायी और सोने चली गयी। दो तीन दिन तक यही क्रम चला। एक दिन माँ ने पूछा कि तुम हर रोज़ कौन सी गोली खाती हो तो उसने बता दिया, सुनकर माँ बहुत घबरा गयी, उन्हे प्रतीत हुआ कि पिछले कुछ दिनों से सुधा को खाँसी भी आ रही है और वह यदा कदा पीने की दवाई लेती रहती है। माँ ने निश्चय किया कि कल वह उसको लेकर चिकित्सक के पास अवश्य जायेगी। अगले दिन सुधा उठी तो माँ तैयार बैठी थी। सुधा ने पूछा कि कहाँ जा रही हो तो माँ ने बताया कि तुम्हें लेकर चिकित्सालय जा रही हूँ, मुझे तुम्हारी तबियत ठीक नहीं लग रही है। पहले तो सुधा ने मना किया पर फिर माँ के समझाने पर मान गयी। पहले तो वे पास के ही प्राथमिक चिकित्सालय में गये, वहाँ चिकित्सक ने विस्तार से बात की, छाती का परीक्षण किया और फिर पास में स्थित

चिकित्सीय महाविद्यालय के फेफडों के विभाग में जाने की सलाह दी।

अगले दिन माँ सुधा को लेकर चिकित्सीय महाविद्यालय के फेफडों के विभाग में गयी। वहाँ पर प्राचार्य डा. रक्षा ने जब सुधा को पहली बार देखा तो उन्हें वो ठीक नहीं लगी। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सालय के चिकित्सक की रिपोर्ट देखी और कुछ परीक्षण कराने का निश्चय किया। उन्होंने कुछ फार्म भरकर सुधा को खून की जाँच और एक्स–रे कराने को कहा और एक डब्बी दी जिसमें सुबह का पहला बलगम इकठ्ठा कर उसको जाँच के लिये देने को कहा। सुधा ने वैसा ही किया। अगले दिन अपराह्न में सभी रिपोर्ट लेकर सुधा डा. रक्षा के पास गयी। डा. रक्षा ने सभी रिपोर्ट देखीं, उनका सन्देह सच सिद्ध हुआ, सुधा को फेफड़ों का तपेदिक अर्थात् टीबी हुआ था। डा. रक्षा ने सुधा को समझाया कि इस बीमारी का इलाज सम्भव है, सरकार के तपेदिक उन्मूलन प्रोग्राम के माध्यम से इस बीमारी का निःशुल्क उपचार होता है। उन्होंने सुधा को समझाया कि वो मास्क लगाकर रखे जिससे उसके माता पिता इस संक्रमण से बचे रहें और तुरन्त अपने उपचार के लिये दी गयी दवाइयाँ लेना आरम्भ करे। सुधा को बताया कि आरम्भ के दो महीने उसे प्रतिदिन आयसोनायजिड 300 मिग्रा, रिफैम्पिसिन 450 मिग्रा, इथैम्ब्युटोल 1000 मिग्रा और पायराजिनामायड 1500 मिग्रा दी जाऐंगी, कुछ लोगों को इस उपचार से विटामिन की कमी हो जाती है इसलिये उसे प्रतिदिन 10 मिग्रा पायरिडाक्सिन भी दिया जायेगा। डा. रक्षा ने सुधा को बताया कि वह अपने खाने–पीने पर ध्यान दे, दाल और सब्ज़ियाँ अधिक मात्रा मे ले और अधिक परिश्रम से बचे। सुधा टूट चुकी थी पर उसने डा. रक्षा के परामर्श के अनुसार उपचार आरम्भ करने का निश्चय किया। उपचार आरम्भ हुआ, पहले–पहले सुधा को बहुत अधिक उल्टी होने जैसा अनुभव होता था, एक दो बार उल्टी हुई भी, जिसके लिये डा. रक्षा ने उसे सुबह खाली पेट खाने के लिये पैन्टोप्रैज़ोल दवाई भी दी और सुधा को बताया कि यह सब दवाइयों का दुष्प्रभाव है पर इन सब के कारण दवाइयाँ बन्द नहीं करनी हैं।

महीने भर मे सुधा को अच्छा लगने लगा, उसका वज़न भी तीन किलो बढ़ गया था। वैसे दवाइयाँ लेना तो उसे अच्छा नहीं लगता था, उसका मूत्र भी लाल रंग का हो गया था, आँखों में आँसू भी लाल रंग के आते थे पर वह डा. रक्षा पर पूरा विश्वास करने लगी थी। दो महीने के उपचार के बाद थूक की जाँच सहित सारे परीक्षण पुनः

किये गये और सब ठीक पाये गये। यह देखकर डा. रक्षा ने सुधा को उपचार का दूसरा चरण आरम्भ करने की सलाह दी जिसमे उसे अगले चार महीने प्रतिदिन केवल तीन गोलियाँ आयसोनायजिड 300 मिग्रा, रिफैम्पिसिन 450 मिग्रा और इथैम्ब्युटोल 1000 मिग्रा लेनी होंगी। सुधा बहुत प्रसन्न हुई और उसने परामर्श के अनुसार अपना उपचार चालू रखा।

छः महीने के उपचार के बाद डा. रक्षा ने पुनः सुधा के सारे परीक्षण ठीक पाये और उसका उपचार बन्द कर दिया। सुधा ने उत्सुकतावश पूछा कि क्या उसे अब कभी टीबी की बीमारी नहीं होगी? डा. रक्षा ने उसे समझाया कि ऐसा नहीं कहा जा सकता, उन्होंने सुधा को तीन महीने के बाद फिर से आकर अपने बलगम की जाँच करवाने की सलाह दी। सुधा और उसकी माँ ने डा. रक्षा और भगवान् का बहुत–बहुत धन्यवाद किया और घर आ गये।

तीन महीने के बाद थूक के परीक्षण के आधार पर डा. रक्षा ने पाया कि सुधा का तपेदिक वापस लौट आया है, उन्होंने सुधा को बताया कि कुछ लोगों में ऐसा होता है कि उपचार पूर्ण होने के पश्चात् और कुछ लोगों मे उपचार लेते हुए ही तपेदिक पुनः सक्रिय हो जाता है और यह तपेदिक पहले जैसा नहीं होता वरन् इसके कीटाणु पहले ली गयी दवाइयों में से एक या एक से अधिक दवाइयों से प्रतिरोधी अर्थात् रज़िस्टैन्ट हो जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सुधा के बलगम की जाँच सी.बी.नैट. मशीन से की गयी थी जिससे पता चला कि उसके तपेदिक के कीटाणु रिफैम्पिसिन दवाई से प्रतिरोधी हैं।

सुधा सन्न थी, उसे कुछ भी समझ नहीं आ रहा था पर उसका एकमात्र सहारा डा. रक्षा ही थी जिन्होंने सुधा को आश्वासन दिया कि दवाई प्रतिरोधी तपेदिक प्रोग्राम में इस प्रकार के तपेदिक का भी उपचार सम्भव व निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि इस बार उपचार नौ महीने चलेगा और दवाइयों के दुष्प्रभाव भी अधिक होंगे, इसलिये पहले दस दिन तक दवाई प्रतिरोधी तपेदिक वार्ड में भर्ती कर चिकित्सक की देखरेख में दवाइयाँ दी जायेंगी। सुधा ने हाँ में सिर हिला दिया। अगले दिन सुबह डा. रक्षा ने अपने हाथ से उसे आयसोनियजिड, इथैम्ब्युटोल, पायराजिनामाइड, मोक्सिफ्लोक्सैसिन, इथियोनामाइड, पैराअमीनोसैलिसिलिक एसिड, क्लोफैजीमिन और पायरिडोक्सिन दवाइयाँ दी।

पहली बार दवाइयाँ लेने पर सुधा को लगा जैसे उसके पेट में आग लग गयी हो, उसे चक्कर आ रहे थे, उसके शरीर में झन्नाटे

छूट रहे थे, उसे लग रहा था कि वो अभी मर जायेगी। उसे यह भी लग रहा था कि नौ महीने ये दवाइयाँ खाने से अच्छा तो मर जाना ही है। इस अवस्था में डा. रक्षा उसके लिये देवदूत थीं, उन्होने उसे समझाया और ढांढस बँधाया। दस दिन के उपचार के बाद सुधा को घर पर रह कर ही दवाइयाँ खाने के लिये कहा गया और दवाइयाँ दे कर घर भेज दिया गया।

वह परामर्श के अनुसार दवाइयाँ लेती रही और प्रतिमाह डा. रक्षा से अपना परीक्षण व थूक की जाँच कराती रही। आठ महीने तक सब कुछ ठीक रहा और उसका उपचार पूरा हुआ। सुधा को विश्वास होने लगा था कि अब वह ठीक हो जायेगी, विधाता ने उसकी बहुत परीक्षा ले ली है अब तो वह अवश्य ही उस पर तरस खायेगा और उसे बिना दवाइयों के जीवित रहने देगा। पर विधाता के विधान में कुछ और ही लिखा था। डा. रक्षा ने उसे बताया कि अन्तिम थूक की जाँच में तपेदिक का कीटाणु पुन: प्रकट हो गया है और इस बार वह कीटाणु रिफैम्पिसिन के साथ लीवोफ्लोक्सैसिन से भी प्रतिरोधी है। सुनकर सुधा अवाक् रह गयी, उसका मुँह सूखने लगा, उसके सारे सपने एक बार फिर चकनाचूर हो गये, वह ज़ोर–ज़ोर से रोने लगी पर डा. रक्षा ने उसे नहीं रोका।

कुछ समय पश्चात् डा. रक्षा ने बताया कि अब इस बीमारी के लिये वे प्रि–एक्स.डी.आर. रैजीम शुरु करेंगी। सुधा को चौदह दिन के लिये वार्ड में भर्ती कर लिया गया और बैडाक्विलिन, साईक्लोसिरीन, लायनैजोलिड, क्लोफैजिमीन और पाइरीडोक्सिन दवाइयाँ आरम्भ की गयीं। डा. रक्षा ने बताया कि बैडाक्विलिन एक नयी औषधि है जिसका हृदय पर दुष्प्रभाव सम्भव है इसलिये प्रतिदिन सुधा का ई.सी.जी. परीक्षण किया जायेगा।

सुधा अल्पायु में ही इतनी औषधियाँ ले चुकी थी और उनके दुष्प्रभाव अनुभव कर चुकी थी कि अब वह उन सब से अप्रभावित रह कर जीवित रहने के लिये संघर्षरत थी अत: वह बिना किसी शिकायत के अपने बिस्तर पर बैठी रहती थी। उसने अपने आप को पूरी तरह से डा. रक्षा के हाथों में सौंप दिया था।

दो सप्ताह के बाद सुधा को फिर घर भेज दिया गया। एक महीने के बाद उसके पैरों की उंगलियों में सूजन और जलन होने लगी। इसी समय कोविड की महामारी शुरु हो गयी और लोगों के घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उसने डा. रक्षा को सम्पर्क करने की कोशिश की पर सफल नही हो सकी। एक महीने तक उसकी सूजन और जलन बढ़ती रही और वह कुछ नही कर सकी। फिर एक दिन उसका फोन पर डा. रक्षा से सम्पर्क स्थापित हो गया, डा. रक्षा ने बताया कि वे स्वयं कोरोना से ग्रसित हो गयीं थीं और एकांतवास में थीं। डा. रक्षा ने सुधा का यातायात का पास बनवाया और उसे

अस्पताल के सामने बुलवाया। परीक्षण के बाद डा. रक्षा ने बताया कि यह लायनैजोलिड नामक औषधि का दुष्प्रभाव है, उन्होने इस दवाई को पन्द्रह दिन के लिये बन्द कर दिया जिससे सुधा के पैरों की जलन कम हुई। पन्द्रह दिन के पश्चात् वह औषधि पुन: आरम्भ कर दी गयी, सुधा को हल्की–हल्की जलन पुन: आरम्भ हो गयी पर डा. रक्षा ने समझाया कि चाहे कुछ दुष्प्रभाव हों पर दवाइयाँ बन्द नहीं करनी हैं।

उनके परामर्श के अनुसार सुधा ने दो साल का प्रि–एक्स.डी.आर. कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया। डा. रक्षा ने सुधा को बधाई दी और उसका उपचार बन्द कर दिया। प्रि–एक्स.डी.आर. टीबी के इलाज की इसी अवस्था में एक दिन सुधा ने डा. रक्षा को सुधीर के बारे में बताया था। उसने बताया कि वह वापस आया है, लखनऊ में बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है, इतने सालों से अपने आप को कुछ बना कर ऐसी स्थिति में लौटकर सुधा के पास आना चाहता था जब उसके परिवार वाले उसके इस निश्चय का विरोध न कर सकें। वह सुधा से विवाह करना चाहता था। सुधा ने डा. रक्षा से पूछा कि वह क्या करे, उसको तो यह भी पता नहीं है कि वह जीवित भी बचेगी या नहीं और बचेगी तो किस अवस्था में जीवित रहेगी?उसे यह भी पता नहीं था कि जब सुधीर को उसकी बीमारी के बारे में पता चलेगा तो क्या तब भी वह उससे विवाह करना चाहेगा, लोग तो आजकल उसके पास भी आना नहीं चाहते तो कोई उससे विवाह क्यों करेगा? उसके माता पिता चाहते थे कि सुधीर को विवाह से पहले कुछ न बताया जाये, विवाह के बाद उसे अपने आप पता चल जायेगा। सुधा कुछ भी निर्णय नही कर पा रही थी इसी लिये उसने डा. रक्षा को सब बता दिया। डा. रक्षा ने उसे समझाया कि तुम्हें विवाह अवश्य करना चाहिये परन्तु सुधीर को सब सच–सच बता दो, यदि सुधा को इसमें संकोच हो रहा है तो वे सुधीर से बात कर लेंगी परन्तु उसको बिना बताये विवाह नहीं करना चाहिये। सुधा को बात अच्छी लगी, उसके मन का बोझ हल्का हो गया था। उसने सुधीर को सब बता दिया । सुन कर सुधीर की आँखों में आँसू आ गये। उसने रुँधे गले से सुधा को कहा कि इतना कुछ हो गया तो तुमने मुझे क्यों नहीं बुलाया? सुधा निरुत्तर थी। सुधीर ने कहा कि हम दोनों कल ही विवाह करेंगें। और अगले दिन एक छोटे, सुन्दर और अध्यात्मिक समारोह में दोनों का विवाह सम्पन्न हो गया।

डा. रक्षा की तंद्रा भंग हो गयी जब सहायिका ने आकर कहा कि मैडम मरीज़ मिलना चाह रहे हैं। डा. रक्षा ने कहा कि ठीक है और वे उठ कर ओपीडी की ओर चल पड़ी।

VIV

Spirituality & Health

Sapna Dogra

Spirituality is very important for your well-being as it brings harmony, comfort, hope and inner calm in life. Spirituality is the fourth dimension of health while the other three are physical dimension, mental dimension and social dimension. None of these should be neglected for a sound health.

Each one of us would have had suffered from some kind of illness, which might have put us in a sad and frustrating situation. While medication would be helpful in making us recover physically, the real healing is done by our spiritual self. Spirituality will help us stay calm and provide solace in difficult situations giving us inner strength.

A spiritually inclined person will pray, meditate, practice positivity and forgiveness making him/her feel better even in a serious illness. Life will have ups and downs but bracing these anomalies with ease is what we should aim for. This is possible only through spirituality.

Scientific studies have also found a positive co-relation between spirituality and health behaviours with well-being.

A 2019 study at six universities in Poland explored the relations between spirituality, health-related behaviours, and psychological well-being in the context of acquired education.

Both spirituality and health-related behaviours were associated with psychological well-being, the study found. Spirituality is stable over time and contribute to better subjective well-being. It may also be considered to be a fundamental character strength and a crucial factor of positive development, it found. It is common to find that in illness a person inevitably focuses on non-material transcendental things and related spiritual matters.

Spirituality provides solace and strength to patients, which make some patients come out of some grave illnesses. In fact, it would not be wrong to say that maximum number of spiritually inclined and religious people are found in hospitals or care homes. Today, doctors/clinicians also believe that spirituality plays a vital role in healing and health of the people or even themselves.

Spirituality should be incorporated into care for both serious illness and overall health, suggested a new study led by researchers at Harvard T.H. Chan School of Public Health (Harvard Chan School) and Brigham and Women's Hospital, as well as the George Washington University Institute for Spirituality and Health (GWish).

The study, "Spirituality in Serious Illness and Health," was supported by the John Templeton Foundation and published in the

Journal of the American Medical Association in July 2022.

This study represents the most rigorous and comprehensive systematic analysis of the modern-day literature regarding health and spirituality to date," said Tracy Balboni, lead author and senior physician at the Dana-Farber/Brigham and Women's Cancer Center and professor of radiation oncology at Harvard Medical School, in a press release. ***"Our findings indicate that attention to spirituality in serious illness and in health should be a vital part of future whole person-cantered care, and the results should stimulate more national discussion and progress on how spirituality can be incorporated into this type of value-sensitive care."***

There are several such studies/surveys expounding the virtues of spirituality in healthcare and call for embedding spirituality in medical and paramedical curriculum. For a healthy life, it is imperative to be spiritually inclined. One has to look for ways, methods, techniques and lifestyles to be adopted to become spiritually awakened.

Further insight by the Editor

Dear daughter Sapna, has tried her level best to brief the importance of spirituality in human life. You see, peace, harmony, comfort etc., can only be attained if an aspirant follows spiritualism. Spiritualism means to do hard Tapasya according to Vedas which includes yogabhayas, name-jaap of God, performing daily agnihotra, listening of Vedas from a learned acharya, maintaining hard Brahmacharya and thus aspirant attains control over his desires.

This fact has been very well preached in ***Rigved mantra 10/129/4.*** Mantra states that in the beginning of creation desires originate in the mind, which [i.e., the desire] is the first seed (main reason) of the human-beings. Why the desire is first seed [main reason] of the human-beings because the human-body or body of other living-beings is only given by the God, based on the desires. So, if no desire then no death and birth, then naturally no problem, no sorrow etc. Shri Krishna Maharaj also preaches in ***Bhagwad Geeta shloka 13/9*** that birth and death are always painful, sorrowful etc. So, a person, if by doing hard tapsya according to Vedas, overcomes birth and death naturally then he will not get any further birth. When there is no birth, no desire etc., then there is no problem. So, spiritualism makes an aspirant capable of destroying all sorrows etc., and overcome birth and death. As told above in ***Rigved mantra 10/129/4*** that in the beginning of the creation, desires are generated in the mind but the learned, knowing that the desires are the main reason to take birth and death, therefore, the learned control and destroy the desires then and there. In this connection, a couplet is stated by someone that- if desires are finished by virtue of following the Vedic path, then the worries are destroyed. Therefore, the aspirant who destroys his desires, he is the real king. [i.e., he commands on the five senses and five perceptions, mind and intellect]. This is called spiritualism which is beneficial in curing mental and physical ailments and removes all tensions, worries etc.

